**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 24.09.2026**

**कोतवाली उरई पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर अभियुक्त को चोरी के जेवरात के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 02.09.2026 को वादी श्री पवन कुमार पुत्र स्व0 श्री रामप्रकाश सोनी निवासी सुशील नगर उरई थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन द्वारा कोतवाली उरई पर तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात चोरों द्वारा वादी की दुकान का शटर तोडकर नई व पुरानी चांदी के जेवरात चोरी कर लिये हैं। जिसके संबन्ध में कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 518/2026 धारा 305 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 24.09.2026 को कोतवाली उरई पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त साहिल पुत्र पप्पू खान उम्र करीब 21 वर्ष निवासी नया पटेलनगर जेल के पीछे उरई थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन को सफेद धातु के जेवरात (कुल वजन 122.94 ग्राम) व 02 अदद आर्टिफिशियल माथ टीका (21.76 ग्राम) पीली धातु के साथ गिरफ्तार किया गया है।

बरामदगी के संबन्ध में उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**अभियुक्त का विवरण-**

1. साहिल पुत्र पप्पू खान उम्र करीब 21 वर्ष नि0 नया पटेलनगर जेल के पीछे उरई थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन

**अभियुक्त साहिल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 271/23 धारा 363/366/376/504/506 IPC व ¾ POCSO ACT कोतवाली उरई जनपद जालौन।

**बरामदगी का विवरण-**

1. सफेद धातु के जेवरात (कुल वजन 122.94 ग्राम)
2. 02 अदद आर्टिफिशियल माथ टीका (वजन 21.76 ग्राम) पीली धातु

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई मय पुलिस टीम